प्रभात खबर

# Dhanbad News: झरिया में नकली मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, 80 पेटी शराब जब्त, एक हिरासत में




Dhanbad News: झरिया पुलिस ने गुप्त सूचना पर लोदना मोड़ भागा दो नंबर संतोषी मंदिर स्थित ग्वालापट्टी में रविवार को छापेमारी कर नकली मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने वहां घर से करीब 80 पेटी नकली अंग्रेजी शराब, कई ड्राम कच्चा स्प्रिट, पैकिंग मशीन, रेपर , ब्रांडेड शराब की बोतलें जब्त की है. पुलिस ने आरोपी विजय यादव के पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. छापेमारी का नेतृत्व झरिया थानेदार सह इंस्पेक्टर शशि रंजन कुमार कर रहे थे. छापेमारी टीम में एसआइ सूरज कुमार, सुनील सिंह, दुबरा उरांव तथा पुलिस बल शामिल थे.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/dhanbad/fake-mini-liquor-factory-busted-in-jharia